नाली निर्माण की जांच होने से दोषियों तक पहुंचेगी आंच!

मामला नगर परिषद चुरहट में गुणवत्ताविहीन नाली निर्माण का, नपं उपाध्यक्ष की शिकायत पर कलेक्टर निर्देश पर जांच करने पहुंची चार सदस्यीय टीम

नवभारत न्यूज

सीधी,16 मई। नगर परिषद चुरहट में गुणवत्ताविहीन नाली नाली निर्माण की शिकायत नपं उपाध्यक्ष के करने पर कलेक्टर के निर्देश के बाद जांच करने चार सदस्यीय टीम पहुंची। अब सवाल यह है कि नाली निर्माण के जांच की दोषियों तक आंच पहुंचेगी!

दरअसल जिले के नगर परिषद चुरहट में घटिया निर्माण की पोल खुलने के बाद कोहराम मचा हुआ है। एक तरफ संबंधित उपयंत्री को सीएमओ द्वारा नोटिस भेज कर जहां जवाब तलब किया गया है वहीं उपाध्यक्ष अजय पाण्डेय की शिकायत पर कलेक्टर के निर्देश पर 4 सदस्यीय टीम द्वारा मौके से पहुंच कर जांच शुरू कर दी गई है। चुरहट

नगर परिषद अंतर्गत चल रहे घटिया निर्माण कार्यों को लेकर उपाध्यक्ष अजय पाण्डेय एवं समाजसेवी प्रदीप सिंह द्वारा लगातार स्थानीय प्रशासन को जहां अवगत कराया जा रहा था वहीं इस बात को सार्वजनिक करने के लिए सोशल मीडिया में शेयर किया जाता रहा, लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त उपयंत्री को इनकी शिकायतो का कोई फर्क ही नहीं पड़ रहा था। अब जब कलेक्टर विकास मिश्रा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू करा दी तो उनके परिजन भी सोशल मीडिया में सफाई देने लगे हैं। हालांकि शुक्रवार को कलेक्टर के निर्देश पर गठित जांच टीम ने बीछी रोड चुरहट में नगर परिषद् द्वारा निर्मित घटिया नाली क्षतिग्रस्त होने एवं वार्ड क्र.14 नप चुरहट अंतर्गत निर्माणाधीन/निर्मित नाली में गंभीर गुणवत्ताविहीन निर्माण की जांच शुरू कर दी है।

जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया सैम्पल

घटिया निर्माण कार्य की जांच करने पहुंची संयुक्त टीम ने मौके पर उपलब्ध मटेरियल एवं निर्माण कार्य में लगे मटेरियल की सैम्पलिंग कर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि जांच टीम द्वारा मौके पर की गई जांच का प्रतिवेदन प्रयोगशाला से रिपोर्ट मिलने के बाद ही सौंपी जाएगी। बता दें कि इस पूरे मामले को लेकर चुरहट एसडीएम विकास कुमार आनंद ने गंभीरता दिखाते हुए शिकायत के आधार पर 7 मई को कलेक्टर डूडा को पत्र लिखकर जांच कराने के बात रखी थी। एसडीएम के पत्र पर कलेक्टर डूडा ने एसडीएम के ही नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम गठित की है। मौके पर पहुंची जांच टीम की जानकारी मिलते ही समूचे नगर परिषद चुरहट में हड़कम्प मच गया है।

टीम में इन्हें किया गया है शामिल

नगर परिषद चुरहट के उपाध्यक्ष अजय पाण्डेय एवं समाजसेवी प्रदीप सिंह की शिकायत पर एसडीएम द्वारा कलेक्टर डूडा को लिखे गए पत्र में टेक्निकल अधिकारियों से जांच कराने की मांग उठाई थी, जिस पर कलेक्टर डूडा ने एसडीएम चुरहट विकास कुमार आनंद के नेतृत्व में साक्षी गौतम तहसीलदार चुरहट के साथ साथ कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एवं कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी को शामिल किया गया है। उक्त टीम द्वारा चुरहट नगर परिषद में कराए गए घटिया निर्माण कार्यों की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि इसके पूर्व घटिया निर्माण कार्य उजागर होने पर चुरहट नगर परिषद सीएमओ ने भी उपयंत्री को पत्र लिखकर जवाब मांगा था। कुल मिलाकर यह साफ हो गया है कि अगर ईमानदारीपूर्वक कार्यवाही की गई तो उपयंत्री एवं संबंधित संविदाकार के खिलाफ कठोर कार्रवाई होना तय है।

इनका कहना है

कलेक्टर के निर्देश पर निर्माण कार्य की जांच शुरू कर दी गई है, टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य में उपयोग किए गए मटेरियल का सैम्पल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही होगी।

विकास कुमार आनंद, एसडीएम चुरहट

अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत

वट वृक्ष के फेरे लगाकर की गई पूजा-अर्चना

नवभारत न्यूज

सीधी 16 मई। सुहागिन महिलाओं ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ मास की अमावस्या को आज वट सावित्री का व्रत रखा। व्रत रखने वाली सुहागिन महिलाओं की भीड़ अलसुबह से ही वट वृक्षों के नीचे लगनी शुरू हो गई थी। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर जगह आज वट सावित्री व्रत की धूम बनी हुई थी।

बताते चलें कि हिन्दू धर्म में विवाहित महिलाएं ज्येष्ठ माह की अमावस्या को वट सावित्री व्रत रखती है। इसे कई जगहों पर बड़मावस का त्यौहार भी कहा जाता है। महिलाएं इस दिन व्रत करती है और वट वृक्ष यानी बरगद के पेड़ की पूजा करके पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए आशीर्वाद मांगती हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवता निवास करते हैं। इस व्रत को करके महिलाएं तीनों देवों से अपने पति की लंबी उम्र का वरदान मांगती है। इस दिन महिलाएं वट वृक्ष के पास बैठकर सावित्री और सत्यवान की कथा सुनती है और कच्चे सूत से सात बार वट वृक्ष की परिक्रमा करती है। सीधी शहर में भी वट वृक्ष के नीचे अलग-अलग स्थानों में आज सुबह से सुहागिन महिलाएं पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचना शुरू हो गई थी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी अलग-अलग स्थानों में महिलाएं पूजा-अर्चना में जुटी रहीं। जिला मुख्यालय के थनहवा टोला एवं समीपी करगिल ग्राम में भी महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे विधि-विधान से पूजा की। अखंड सौभाग्य की कामना के लिए महिलाओं ने पूरे श्रृंगार के साथ पूजन की सामग्री लेकर वट वृक्ष के नीचे मौजूद रही। यहां पर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना एवं कच्चे सूत का धागा सात बार फेरा लगाकर बांधा गया। वट वृक्ष से इस दौरान अपने अक्षत सुहाग की कामना के लिए वट सावित्री की पूजा-अर्चना की गई। सुहागिन महिलाओं में इस व्रत को लेकर काफी उत्साह देखा गया। इसी तरह शहर के कार्तिकेय मदिर विटनरी हॉस्पिटल सिंगरौली रोड वार्ड क्रमांक 4 के पास स्थित कार्तिकेय मंदिर मंदिर में लगे बरगद पेड़ की पूजा की गई।

युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर आज आएंगे सीधी, स्वागत की भव्य तैयारियां

नवभारत न्यूज



सीधी 16 मई। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर 17 मई को दोपहर पश्चात मऊगंज होते हुए 1:15 पर सीधी की सीमा कमर्जी तुर्रा पहाड़ से प्रवेश करेंगे।

उसके पश्चात युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री टेलर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ पटपरा तालाब, स्थानीय सम्राट चौक, अस्पताल चौक, विकास भवन में विशेष रूप से पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। उसके पश्चात सायं काल 3 बजे स्थानीय मानस भवन सीधी में युवा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। भाजयुमो जिला अध्यक्ष निशांत मिश्रा कम्पू ने विभिन्न स्थानों पर शानदार स्वागत की तैयारियों का जायजा लिया और युवाओं से स्थानीय मानस भवन में पहुंचकर युवा सम्मेलन में भाग लेने की अपील की है।

ओंकार सिंह कर्चुली को मिली प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी, कांग्रेसजनों में हर्ष

नवभारत न्यूज

सीधी 16 मई। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस नेता एवं नपा पार्षद ओंकार सिंह कर्चुली को म.प्र. कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ में प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

उनकी नियुक्ति मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, पूर्व मंत्री सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अनुशंसा एवं संगठन महामंत्री डॉ.संजय कामले के अनुमोदन उपरांत की गई है। नियुक्ति पत्र विभाग एवं प्रकोष्ठ म.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रभारी डॉ.महेन्द्र सिंह चौहान द्वारा जारी किया गया। ओंकार सिंह कर्चुली की महत्वपूर्ण नियुक्ति पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंहए सहित जिले के समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ओंकार सिंह कर्चुली लंबे समय से संगठन के प्रति निष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करते आ रहे हैं। पार्टी ने उनकी सक्रियता, संघर्षशीलता एवं संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। उनकी नियुक्ति से नगरीय निकाय प्रकोष्ठ को मजबूती मिलेगी तथा प्रदेश स्तर पर कांग्रेस संगठन और अधिक सशक्त होगा। ओंकार सिंह कर्चुली ने अपनी नियुक्ति पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह सहित प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, संगठन महामंत्री डॉ.संजय कामले एवं विभाग एवं प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.महेन्द्र सिंह चौहान सहित प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।



भाजपा शासनकाल में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह भ्रष्टाचार और पेपर लीक माफियाओं के कब्जे में : ज्ञान

नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री का किया गया पुतला दहन

नवभारत न्यूज

सीधी 16 मई। नीट पेपर लीक मामले के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार शाम जिला मुख्यालय में मशाल जुलूस निकालकर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम म.प्र. कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान तथा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता, छात्र-युवा साथी एवं पदाधिकारी शाम 6 बजे जवाहर कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए, जहां से मशाल जुलूस प्रारंभ होकर गांधी चौराहा पहुंचा। वहां कांग्रेसजनों ने केन्द्र सरकार एवं शिक्षा व्यवस्था के विरोध में नारेबाजी करते हुए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला दहन कर उनके इस्तीफे की मांग की। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा शासनकाल में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह भ्रष्टाचार और पेपर लीक माफियाओं के कब्जे में चली गई है। उन्होंने कहा कि छात्र वर्षों तक मेहनत करते हैं, परिवार कर्ज लेकर बच्चों को पढ़ाते हैं लेकिन सत्ता संरक्षण प्राप्त गिरोह पैसे लेकर प्रश्नपत्र बेच देते हैं। यह केवल परीक्षा में धांधली नहीं बल्कि युवाओं के सपनों की हत्या है। हर वर्ष किसी न किसी बड़ी परीक्षा का पेपर लीक होना अब सामान्य घटना बन चुका है। कभी नीट, कभी पुलिस भर्ती, कभी शिक्षक भर्ती तो कभी अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली सामने आती है। लेकिन सरकार केवल औपचारिक कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारी से बच निकलती है। ज्ञान सिंह ने कहा कि नीट परीक्षा निरस्त होने और पेपर लीक प्रकरण से कई छात्र मानसिक तनाव में आए हैं तथा कुछ छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने की खबरें भी सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल आत्महत्या नहीं बल्कि नाकाम प्रशासन और भ्रष्ट व्यवस्था द्वारा की गई हत्या है।

कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि नीट सहित सभी पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाया जाए। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, छात्र एवं युवा उपस्थित रहे।

कोतवाली थाना में शुरू हुआ संकेत संवाद मध्यस्थता केन्द्र

श्रवण एवं वाक बाधित पक्षकारों को अब न्याय प्रक्रिया में मिलेगी सहज भागीदारी

नवभारत न्यूज

सीधी 16 मई। न्यायिक प्रक्रिया को अधिक समावेशी, सुलभ और संवेदनशील बनाने की दिशा में सीधी जिले को एक महत्वपूर्ण सौगात मिली है। पुलिस थाना कोतवाली, सीधी में संकेत संवाद मध्यस्थता केन्द्र की स्थापना की गई है जिससे अब श्रवण एवं वाक बाधित पक्षकारों को अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने और विवादों के त्वरित समाधान में बड़ी सुविधा मिलेगी।

यह पहल म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई है। इसके अंतर्गत राज्यभर में श्रवण एवं वाक बाधित पेशेवरों तथा सांकेतिक भाषा दुभाषियों को 40 घंटे का विशेष मध्यस्थता प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त ये पेशेवर अब न्यायालय द्वारा संदर्भित विवादों एवं मुकदमे से पूर्व के मामलों में मध्यस्थ के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। सीधी जिले में इस केन्द्र का उद्घाटन शनिवार 16 मई 2026 को वर्चुअल माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति सूर्यकांत द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल, म.प्र. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति संजीव सचदेवा सहित न्यायपालिका एवं प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सीधी जिले से इस ऐतिहासिक अवसर पर वर्चुअल माध्यम से न्यायपालिका एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इनमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रयागलाल दिनकर, कलेक्टर विकास मिश्रा, विशेष न्यायाधीश यतीन्द्र कुमार गुरु, प्रथम जिला न्यायाधीश राकेश कुमार सोनी, तृतीय जिला न्यायाधीश रवीन्द्र कुमार शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद कुमार वर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मुकेश कुमार शिवहरे, पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, एएसपी अरविंद श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनू जैन, सुश्री सरिता चौधरी, सुश्री अर्पिता त्रिपाठी, जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक, थाना प्रभारी कोतवाली सहित अन्य न्यायिक, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। यह केन्द्र कानूनी जागरूकता बढ़ाने में भी मददगार साबित होगा, क्योंकि प्रशिक्षित पेशेवर पक्षकारों को उनके अधिकारों, कानूनी प्रक्रियाओं और उपलब्ध विकल्पों की जानकारी सरल एवं सहज तरीके से दे सकेंगे।

इस केन्द्र से मिलेंगे कई अहम लाभ

संकेत संवाद केन्द्र श्रवण एवं वाक बाधित पक्षकारों के लिए न्याय प्रक्रिया को अधिक सहज और प्रभावी बनाएगा। अब प्रशिक्षित सांकेतिक भाषा दुभाषियों और मध्यस्थों की सहायता से वे बिना किसी संवाद बाधा के अपनी बात स्पष्ट रूप से रख सकेंगे। इससे गलतफहमी की संभावना कम होगी और विवादों का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा। मुकदमे से पूर्व मध्यस्थता के माध्यम से छोटे-बड़े विवादों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान संभव होगा, जिससे पक्षकारों का समय, धन और मानसिक तनाव कम होगा।

ग्रीष्म ऋतु में लुरुघुटी में लहलहाई धान की हरियाली

नवभारत न्यूज

कुसमी 16 मई। लुरुघुटी में किसान सूर्यप्रताप सिंह ने गर्मी के मौसम में पहली बार लगाई धान की फसल ग्राम लुरघुटी नाबार्ड के सहयोग से ग्राम सुधार समिति द्वारा लुरघुटी वाटरशेड परियोजना का संचालन किया गया।

परियोजना के माध्यम से अनेक स्थानों में निर्मित जल संरक्षित संरचनाओं के माध्यम से भूजल स्तर में बढ़ोतरी हुई साथ ही गर्मी के दिनों में जो कुंए सूख जाते थे उनमें अब पूरे साल पानी रहने लगा जिससे पेयजल के संकट से लोगो को निजात मिला। पानी की उपलब्धता होने से किसानी के क्षेत्र में लुरघुटी गांव के उत्साही किसान सूर्यप्रताप ने इस साल पहली बार 3 एकड़ जमीन में 25 किलो धान (आईआर 64 मंगला) किस्म की धान जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में रोपित की। धान की फसल पकने के बाद मई माह के प्रथम सप्ताह में धान की कटाई की, फसल की थ्रेसर से जब गहाई करवाई गई तो कुल 40 क्विंटल धान का उत्पादन मिला। सूर्यप्रताप पूरे कुसमी ब्लॉक के पहले किसान है जिन्होंने गर्मी के मौसम में धान की फसल लगाई है।

1 जून से होगी कक्षा 5वीं और 8वीं की द्वितीय परीक्षा

नवभारत न्यूज

सीधी 16 मई। सत्र 2025-26 के अंतर्गत कक्षा 5वीं एवं 8वीं के मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए द्वितीय परीक्षा (पुनः परीक्षा) 1 जून से आयोजित की जाएगी। परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला शिक्षा केन्द्र ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

जिलेभर में इस परीक्षा के लिए कुल 64 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें कुसमी में 10, मझौली में 10, रामपुर नैकिन में 15, सीधी में 13 तथा सिहावल विकासखंड में 16 परीक्षा केन्द्र शामिल हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा परीक्षा की समय-सारणी के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। जारी गाइडलाइन के अनुसार जिन विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट कार्य में 7 अंक से कम प्राप्त हुए हैं, उन्हें दोबारा प्रोजेक्ट तैयार करने का अवसर दिया जाएगा। मूल्यांकन के बाद प्राप्तांक पोर्टल पर अपडेट किए जाएंगे। परीक्षा केन्द्र पूर्व की भांति केवल जनशिक्षा केन्द्र ही रहेंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों, शाला प्रमुखों एवं शिक्षकों को सौंपी गई है। वहीं विद्यालयों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि पुनः परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों की विषयवार विशेष तैयारी कराई जाए।

बहुभाषीय नाट्य महोत्सव-2026 : रंगमंच और लोक संस्कृति का लगातार हो रहा आयोजन

जुगनू और बघेली संस्कार गीत गायन ने दर्शकों को किया भावविभोर, आज होगा कहानियों का गुच्छा का मंचन

नवभारत न्यूज

सीधी 16 मई। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित 3 दिवसीय बहुभाषीय नाट्य महोत्सव 2026 अंतर्गत विवेकानंद सभागार टाटा कॉलेज परिसर सीधी मध्यप्रदेश में रंगमंच और लोकसंस्कृति की विविध प्रस्तुतियां दर्शकों को आकर्षित कर रही हैं। महोत्सव के प्रथम दिवस 15 मई को भावनात्मक सोलो नाटक जुगनू एवं बघेली संस्कार गीत गायन की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंद्रशरण सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि बृजेश सिंह सरल, प्रदीप शुक्ला तथा अध्यक्षता कर रहे आर.बी.सिंह द्वारा मां वीणावदिनी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रथम दिवस पर इन्द्रवती नाट्य समिति सीधी मध्यप्रदेश द्वारा प्रस्तुत नाटक जुगनू का लेखन एवं निर्देशन शिवनारायण कुन्देर शिवा द्वारा किया गया, जबकि अभिनय भी शिवा कुन्देर ने किया। लगभग 55 मिनट की इस प्रस्तुति ने प्रेम, स्मृतियों, अकेलेपन और मां के निस्वार्थ स्नेह को अत्यंत संवेदनशील ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया। इसी क्रम में बघेली संस्कार गीत गायन की प्रस्तुति ने लोकसंस्कृति की मधुर छटा बिखेरी। इसी तरह महोत्सव के तृतीय दिवस 17 मई को कहानियों का गुच्छा नाटक का मंचन किया जाएगा। इस नाटक का लेखन प्रिया भदौरिया एवं निर्देशन रेणुका बरमईया द्वारा किया गया है। लगभग 50 मिनट अवधि की इस प्रस्तुति को आर्कषणम् जन कल्याण समिति द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही बघेली लोकगीत गायन की विशेष प्रस्तुति भी आयोजित होगी। प्रस्तुति संयोजन एवं मार्गदर्शन योगेश्वर प्रसाद तिवारी द्वारा किया जाएगा, जबकि प्रस्तुति मां वीणा वादिनी स्वर संगम द्वारा दी जाएगी। कार्यक्रम का तकनीकी प्रबंधन प्रजीत कुमार साकेत, मंच प्रबंधन रजनीश कुमार जायसवाल एवं प्रचार-प्रसार का दायित्व प्रवीण सिंह चौहान द्वारा निभाया जा रहा है। महोत्सव का संयोजन रोशनी प्रसाद मिश्र तथा संपूर्ण प्रबंधन नीरज कुंदेर द्वारा किया जा रहा।

कार्यक्रम में इन्होंने भी दी प्रस्तुति

प्रस्तुति संयोजन सृजन मिश्र द्वारा किया गया। संस्कार गीत गायन में प्रमुख गायक एवं हारमोनियम वादन सृजन मिश्र, गायन में श्वेता द्विवेदी एवं दिव्या द्विवेदी, कीबोर्ड पर प्रफुल्ल पाण्डेय, तबला वादन में श्लोक तिवारी तथा ढोलक वादन में सत्यदीप द्विवेदी ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। अन्य सुधि दर्शकों में राघवेन्द्र द्विवेदी, श्रवण मिश्र, आलोक सिंह, अशोक परौहा, अंकुश सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।